## पेज 51

### प्रश्न 1:
सोडियम को किरोसिन में डुबो कर क्यों रखा जाता हैं?

**उत्तर 1:**
सोडियम अत्यधिक अभिक्रियाशील धातु है, जो खुले में रखने से ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया कर आग उत्पन करता है, इसलिए इसे किरोसीन में डूबोकर रखा जाता है ।

### प्रश्न 2:
इन अभिक्रियाओं के लिए समीकरण लिखिए :
**(i)** भाप के साथ आयरन
**(ii)** जल के साथ कैल्सियम तथा पोटैशियम

**उत्तर 2:**
**(i)** लोहा भाप के साथ अभिक्रिया करके आयरन ऑक्साइड तथा हाइड्रोजन प्रदान करता है ।

$$2Al(s) + 3H_2O(g) \longrightarrow Al_2O_3(s) + 3H_2(g)$$

**(ii)** कैल्शियम ठंडे जल से अभिक्रिया धीमी गति से करता है जो उत्सर्जित उष्मा हाइड्रोजन के प्रज्वलन के लिए पर्याप्त नहीं होती है ।

$$Ca(s) + 2H_2O(l) \longrightarrow Ca(OH)_2(aq) + H_2(g)$$

जबकी पोटैशियम,ठंडे जल से अभिक्रिया तेज गति से करता है। यह अभिक्रिया इतनी तेज तथा उष्मा छेपी होती है कि इससे उत्सर्जित हाइड्रोजन तत्काल प्रज्वलित हो जाती है ।

$$2K(s) + 2H_2O(l) \longrightarrow 2KOH(aq) + H_2(g) + \text{ऊष्मीय ऊर्जा}$$

### प्रश्न 3:
A,B,C एवं D चार धतुओ के नमूनों को लेकर एक-एक करके निम्न विलयन में डाला गया इससे प्राप्त परिणाम को निम्न प्रकार से सारणीबद्ध किया गया है:

| धातु | आयरन(II) सल्फ़ेट | कॉपर(II) सल्फ़ेट | जिंक सल्फ़ेट | सिल्वर नाइट्रेट |
|---|---|---|---|---|
| A | कोई अभिक्रिया नहीं | विस्थापन | | |
| B | विस्थापन | | कोई अभिक्रिया नहीं | |
| C | कोई अभिक्रिया नहीं | कोई अभिक्रिया नहीं | कोई अभिक्रिया नहीं | विस्थापन |
| D | कोई अभिक्रिया नहीं | कोई अभिक्रिया नहीं | कोई अभिक्रिया नहीं | कोई अभिक्रिया नहीं |

इस सरणी का उपयोग कर धातु A,B,C एवं D के सबंधं में प्रश्नों के उतर दीजिए:
**(i)** सबसे अधिक अभिक्रियाशील धातु कौन सी है?
**(ii)** धातु B को कॉपर(II)सल्फ़ेट के विलयन में डाला जाए तो क्या होगा?
**(iii)** धातु A, B, C एवं D को अभिक्रियाशीलता घटते हुए क्रम में व्यवस्थि कीजिए।

**उत्तर 3:**

**(i)** सबसे अधिक अभिक्रियाशील धातु 'B' है।

**(ii)** धातु(B) को कॉपर सल्फेट के विलयन में डालने पर विस्थापन अभिक्रिया होगी जिसमे 'B' धातु कॉपर सल्फेट के विलयन में से विस्थापित कर देगी।

**(iii)** B > A > C > D

## प्रश्न 4:

अभिक्रियाशील धातु को तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल में डाला जाता है तो कौन सी गैस निकलती है आयरन के साथ तनु $H_2SO_4$ की रासायनिक अभिक्रिया लिखिए।

**उत्तर 4:**

अभिक्रियाशील धातु को तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल में डालने पर हाइड्रोजन गैस उत्पन्न होती है।

धातु + तनु अम्ल $\rightarrow$ लवण + हाइड्रोजन गैस

लोहे के साथ तनु की रासयनिक इस प्रकार है:

$$Fe + H_2SO_4 \rightarrow FeSO_4 + H_2$$

## प्रश्न 5:

जिंक को आयरन(II)सल्फ़ेट के विलयन में डालने से क्या होता है? इसकी रासायनिक अभिक्रिया लिखिए।

**उत्तर 5:**

जिंक को आयरन(II)सल्फ़ेट के विलयन में डालने पर विस्थापन अभिक्रिया के फलस्वरूप जिंक विलयन में से लौह तत्व को विस्थापित कर देता है।

$$Zn(s) + FeSO_4(aq) \rightarrow ZnSO_4(aq) + Cu(s)$$